Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a road over bridge on Burhi Gandak river at Ratwara Dholi Ghat in Muzaffarpur district, Bihar

श्री अजय निऐाद (मुज़फ़्फ़पुर) ः बिहार प्रदेश के मुज़फ़्फ़रपुर ज़िला के पूर्वी अनुमंडल में अवस्थित तिरहुत कृणि कॉलेज ढोली के सामने बह रही बूढ़ी गंडक नदी में रतवारा ढ़ोली घाट पर एक उच्च स्तरीय सड़क पुल नहीं होने के कारण वहाँ के आमजनों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सड़क पुल के अभाव में लोगों को जिला मुख्यालय से सम्पर्क करने के लिए लम्बा घूमकर जाना पड़ता है और बाढ़ के समय तो पूरा का पूरा सम्पर्क ही टूट जाता है।

आमजनों की भारी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मैं अनुरोध करना चाहता हूँ कि बूढ़ी गंडक नदी के रतवारा ढोली घाट पर एक उच्च स्तरीय सड़क पुल का निर्माण अतिशीघ्र कराया जाए ताकि आमजनों को हो रही परेशानियां दूर हो सके।